**Regarding need to declare Hastinapur in Uttar Pradesh a Cultural Heritage and Pilgrimage Centre-Laid**

श्री चंदन चौहान **(**बिजनौर**) :** मैं भारत सरकार का ध्यान हस्तिनापुर के ऐतिहासिक और पौराणिक महत्त्व की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ । हस्तिनापुर, जो महाभारत काल में राजधानी थी, भारतीय संस्कृति और इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान रखती है । यहाँ कई प्राचीन मंदिर, आश्रम और अन्य धार्मिक स्थल स्थित है जो इसे एक प्रमुख तीर्थ स्थल बनाते हैं । हस्तिनापुर में स्थित प्रमुख स्थलों में पांडेश्वर मंदिर, कर्णेश्वर मंदिर, द्रोणाचार्य आश्रम और जैन धर्म के महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल शामिल हैं । इन स्थलों का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्त्व अत्यधिक है और यहाँ देशभर से श्रद्धालु एवं पर्यटक आते हैं ।

अतः मैं सरकार से अनुरोध करता हूँ कि हस्तिनापुर सांस्कृतिक धरोहर के रूप में घोषित कर बजट की वृद्धि की जाए एवं अन्य धार्मिक स्थलों से रेलवे व सड़कों के माध्यम से जोड़कर धार्मिक स्थल सर्किट का हिस्सा बनाया जाए जिससे इसकी समृद्ध विरासत का संरक्षण हो सके और पर्यटन को बढ़ावा मिल सके ।